प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. महापर्व छठ के तीसरे दिन आज व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित किया अर्घ्य : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में छठ पूजा कार्यक्रम में हुए शामिल : कहा– आस्था और नारी शक्ति का अद्भुत संगम है छठ।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 नवम्बर को प्रस्तावित ध्वजारोहण कार्यक्रम से पहले अयोध्या में पूरे हुए श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के सभी काम।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से डिजिटल अरेस्ट के दर्ज मामलों की प्राथमिकी का मांगा विवरण : जांच सीबीआई को सांपने पर किया विचार।

और

4. कुशीनगर में इन–स्पेस मॉडल राकेट्री–कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कंप्टीशन का ग्रैंड फिनाले शुरू : पहले दिन सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किए गए चार मॉडल रॉकेट।

————————

लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन आज व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने भी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और प्रदेशवासियों के

मंगल की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार केवल एक आयोजन नहीं बल्कि हमारी सामाजिक एकता, आध्यात्मिक उन्नयन और भारत की प्राचीन विरासत के प्रतीक भी हैं। छठ, आस्था और नारी शक्ति का अद्‌भुत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छठ पर्व पर ईश्वर की आराधना के लिए इस्तेमाल होने वाला जल शुद्ध हो इसके लिए सरकार ने विशेष प्रयास किए हैं। बाइट.....

*इस बार हम लोगों ने प्रशासन की बैठक एक महीने पहले ली थी। टेरिटोरियल आर्मी के साथ भी हमारी बैठक हुई थी। सिंचाई विभाग, स्थानीय प्रशासन, नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण यह सभी लगे तमाम समाज सेवी और स्वयंसेवी संगठन भी लगे। छठ के पूर्व स्वच्छता का जो अभियान चलाया आज आप परिणाम देख रहे होंगे। गत वर्ष की तुलना में इस बार जल की मात्रा भी अच्छा था और शुद्धता भी थी। जल की शुद्धता बनी रहे, यह पूजन के लिए आवश्यक है।*

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में छठ पर्व श्रद्धा ,भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

लखनऊ में अखिल भारतीय भोजपुरी समाज की ओर से आयोजित छठ कार्यक्रम में करीब 200 लोक कलाकार लगातार 18 घंटों तक छठ गीतों की प्रस्तुतियां करेंगे। कुशीनगर में छठ महापर्व पर घाटों पर श्रद्धालुओं की भारीभीड़ उमड़ रही है। इसको लेकर प्रशासन ने विशेष इंतजाम किये हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*कुशीनगर जिले में सरोवरों तथा नदी किनारे बने छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जिले केतुर्क पट्टी स्थित प्राचीन सूर्य मन्दिर*

*में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई है। छठ महापर्व के कल चौथे दिन व्रती महिलाएं उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत सम्पन्न करेंगी। कई स्वयं सेवी संगठनों ने छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबन्ध किये हैं। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं। विवेक पांडेय, आकाशवाणी समाचार,कुशीनगर।*

**चंदौली के घाटों पर भी छठ मैया की भक्ति में डूबी महिलाओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*चंदौली में लोक आस्था के महापर्व डाला छठ पर जनपद के विभिन्नतालाबों, सरोवरो, नदी, नहरों आदि पर व्रती महिलाओं ने अस्ताचल सूर्य को पहला अर्घ्यअर्पित किया। भीड़ को नियंत्रित व सुगम यातायात बनाने के लिए पुलिस मुस्तैद रही। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने छठ घाटों का भ्रमण कर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। शाम ढलने पर जैसे ही भगवान भाष्कर ने अपनी लालिमा बिखेरी वैसे ही लोगों ने जयकारे के साथ दूध जल आदि से अर्घ्य*

*अर्पित किया। इस दौरान सभी छठ घाट भक्तिमय गीतों से गुलजार रहे। मनोज कुमार त्रिपाठी आकाशवाणी समाचार चंदौली।*

**कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ ही चार दिन का यह पावन अनुष्ठान संपन्न होगा। छठ पूजा को लेकर शामली, कुशीनगर और लखनऊ में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।**

**प्रदेश में छठ पूजा सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 22 जनपदों में 6 कम्पनी पीएसी, 05 कम्पनी आरएएफ और 3 एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है । यात्रियों के आवागमन के दृष्टिगत सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए भी पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है । महिलाओं और बच्चियो की सुरक्षा के मद्देनज़र महिला**

पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। साथ ही घाटों पर गोताखोरों की समुचित व्यवस्था की गयी है।

——————————

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के सभी काम पूरे हो गए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने एक बयान जारी कर बताया कि मुख्य मंदिर समेत परकोटे के छह मन्दिरों और शेषावतार मन्दिर का काम पूरा हो चुका है। इन सभी मंदिरों पर ध्वजदंड और कलश स्थापित कर दिए गए हैं। इसके अलावा सप्त मण्डप का निर्माण भी पूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि दर्शनार्थियों की सुविधा और व्यवस्था से सीधे जुड़े सभी कार्य भी पूरे कर लिए गए हैं। श्री राय ने कहा कि सड़कें बनाने, फ्लोरिंग और चारदीवारी आदि का काम भी तेज़ी से पूरा किया जा रहा है। 25 नवंबर को श्रीराम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के साथ मंदिर का निर्माण पूरी तरह सम्पन्न हो जाएगा। अयोध्या जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होना प्रस्तावित है। बाइट.....

*अभी आदरणीय प्रधानमंत्री जी 25 नवंबर को आ रहे हैं और राम जन्मभूमि परिसर के विभिन्न जो मंदिर बने हैं और उनके द्वारा उस कार्यक्रम का लोकार्पण 25 नवंबर को होने वाला है तो उसकी भी तैयारियां प्रारंभ करनी गई है।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखीमपुर खीरी में 'स्मृति प्राकट्योत्सव मेला–2025' में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने का प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत कबीरदास की वाणी आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रही है। श्री योगी ने कहा कि कबीरदास ने समाज की जातीय विषमताओं पर प्रहार कर समाज में एकता और अखंडता का संदेश दिया था। बाइट...

*जातीयता पर भी प्रहार किया था संत कबीर दास जी ने। जातीय विसंगतियों पर और उस समय की छुआछूत और स्पृश्यता के भाव पर भी उन्होंने बहुत प्रभावी हमला किया था।यानी जो देश की गुलामी का कारण रहा हो, समाज का विभाजन जाति के नाम पर, छुआछूत और अस्पृश्यता के नाम पर तमाम प्रकार के जो विभाजन थे, इस विभाजन से उभारने के लिए उस समय भी संत कबीरदास जी महाराज ने उस समय के समाज आज को एक नई दिशा दी और उनकी वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार धार्मिक स्थलों के पुनरोद्धार का काम कर रही है जिससे आस्था और पर्यटन दोनों को बल मिला है।

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर डिजिटल अरेस्ट से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों पर उनके द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी का विवरण मांगा है। न्यायालय ने देश में बढ़ते डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं को देखते हुए सभी मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई को सांपने पर भी विचार किया है। सर्वोच्च न्यायालय देश भर में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए 17 अक्टूबर से इस मामले की सुनवाई कर रहा था।

————————

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। खाद्य पदार्थों पर नई जीएसटी दरें आम आदमी के लिए कैसे मददगार साबित हो रही हैं, इस बारे में प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की ये रिपोर्ट......

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं पर करों में कमी करके नागरिकों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है। नए कर संरचना के तहत, पिज्जाब्रेड, खाखरा और चपाती को कर–मुक्त कर दिया गया है, जिन पर पहले 5 प्रतिशत जीएसटी लगता था। आम आदमी पर कर का बोझ कम*

*करने के लिए, सरकार ने सूप, ब्रोड शोरबा, चॉकलेट, कोको उत्पादों के साथ–साथ चाय और कॉफी के अर्क पर भी जीएसटी घटा दिया है। अब इन सभी वस्तुओं पर जीएसटी 2.0 के अंतर्गत केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। जीएसटी 2.0 के अंतर्गत करों के युक्तिकरण से खाद्य पदार्थों की सुलभता बढेगी। कीमतों में कमी आएगी और लोगों को आर्थिक राहत मिलेगी। आरजू और ईशानी के साथ सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

————————

**कुशीनगर के तमकुहीराज में इन–स्पेस मॉडल राकेट्री–कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कम्पटीशन 2024–25 के ग्रैंड फिनाले की शुरुआत हो गई है। प्रतियोगिता के पहले दिन आज चार मॉडल रॉकेट सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किए गए। इन स्पेस के डायरेक्टर प्रमोशन डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि भारत मं पहली बार छात्रों द्वारा निर्मित रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया गया जो बेहद गर्व की बात है। बाइट.....**

*आज हमने पहली बार इंडिया में चार सक्सेसफुल मॉडल रॉकेट लॉन्च किए जो 7000 से ज्यादा सेंटीमीटर क्यूब के सैटेलाइट थे, जिनको छात्रों ने खुद निर्मित किया था। चारों एक बार पांच–पांच मिनट के अंतर पर उनको छोड़ना यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है और चारों सक्सेसफुली डिप्लॉय हुए हैं और उनका पैराक्यूट आते हुए सभी ने आंखों से देखा है।*

**30 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 71 कैनेसेट रॉकेट प्रक्षेपित किये जायेंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित यह प्रतिस्पर्धा देश में विद्यार्थियों की सबसे बड़ी अंतरिक्ष प्रतियोगिताओं में शामिल**

है। इसमें देशभर के विभिन्न संस्थानों से करीब 600 छात्रों वाली कुल 71 छात्र टीमें भाग ले रही है ।

---

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जनपदों में आज हल्की बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में 5 से 8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने का अनुमान जताया है। वहीं न्यूनतम तापमान में आगामी 4 से 5 दिनों तक कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है।

(समाप्त)